भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1735
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कोणार्क मंदिर का विकास

1735 डा. सस्मित पात्राः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोणार्क मंदिर को देश के 17 प्रतिष्ठित स्थलों में से एक के रूप में विकसित करने के लिए सरकार द्वारा अब तक कुल कितना व्यय किया गया है;

(ख) कोणार्क मंदिर को प्रतिष्ठित स्थल घोषित किए जाने के बाद से इसके विकास के लिए वर्ष-वार वास्तव में कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक कम व्यय किए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) इसके लिए प्रमुख विकास कार्य कब तक शुरू कर दिए जाएंगे?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) नियमित रूप से ओडिशा के कोणार्क में स्थित सूर्य मंदिर का संरक्षण और अनुरक्षण करता है । एएसआई द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान सूर्य मंदिर, कोणार्क के अनुरक्षण और संरक्षण पर किए गए व्यय का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
किया गया व्यय (करोड़ रु. में)	1.52	1.14	1.45	2.32	2.71

पर्यटन मंत्रालय द्वारा कोणार्क मंदिर पर कोई व्यय नहीं किया गया है ।

****